# “अजादी अमृत महोत्सव”

साइकिल रैली दिनांक 16.03.2021

“अजादी अमृत महोत्सव” के अंतर्गत देवि अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा दिनांक 16.03.2021 को प्रातः ७.३० बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया था। रैली विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर से शुरू होकर कस्तूरबिग्राम मेमोरियल ट्रस्ट तक और फिर से वापस विश्वविद्यालय परिसर पर आकर संम्पन हुई । माननीय कुलाधिसचिव महोदय प्रोफेसर अशोक कुमार शर्मा , कुलसचिव महोदय डॉ अनिल शर्मा , रा से यो समन्वयक डॉ प्रकाश गढ़वाल एवं रैली संयोजक डॉ गजानंद इंगला ने ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कस्तूरबा ग्राम स्मारक ट्रस्ट के सचिव श्री जड़िया जी ने ट्रस्ट की स्थापना , उद्देश्य एवं उपलब्ध सुविधाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी ट्रस्ट द्वारा संचालित स्कूल, कॉलेज , हॉस्पिटल, चरखा केंद्र, प्राथना हॉल एवं संग्रहालय के बारे में दुर्लभ जानकारिया प्रदान की। कुलाधिसचिव महोदयं ने भी छात्रों को संबोदित किया साथ ही साथ कुलसचिव महोदय ने आज के संदर्भ में गांधीवादी विचारधारा के महत्व के बारे में बात की, डॉ प्रकाश गढ़वाल ने रा से यो की संकल्पना के बारे में बताया एवं इसके माध्यम से कैसे राष्ट्र की सेवा कर सकते है इस पर चर्चा की।

लगभग कुल 230-240 प्रतिभागियो ने रैली में भाग लिया जिसमें लगभग 170 छात्र-छात्रा स्वयंसेवक और 20 शिक्षक / अधिकारी थे साथ ही साथ कस्तूरग्राम कॉलेज के 40 स्वयंसेवक एवं कुछ अन्य लोग भी इस गतिविधि में शामिल हुए। रैली के दौरान सभी को स्वल्पाहार एवं रैली के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाण- पत्र वितरित किये गए; रैली संयोजक डॉ. इंगला ने सभी प्रतिभागियो एवं अपने साथी अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

Programme Officer

HEAD
SCHOOL OF PHARMACY
Devi Ahilya Vishwavidyalay
Indore (M.P.)







# डीएवीवी से कस्तूरबा ग्राम साइकल से निकली दांडी यात्रा

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। तक्षशिला परिसर से कस्तूरबाग्राम रूरल इंस्टिट्यूट खंडवा रोड तथा पुनः विवि परिसर तक रैली निकाली। इसमें लगभग 150 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों तथा अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें शहर के अन्य नागरिकों ने भी भाग लिया। इस तरह डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने इस रैली में उत्साह से हिस्सा लिया। आजादी के अमृत महोत्सव पर कस्तूरबाग्राम रूरल इंस्टीट्यूट में श्री जरिया ने संबोधित किया। इसी के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. निर्मला सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। सभी विद्यार्थियों ने रैली के पश्चात कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीट्यूट में एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा वहां के संग्रहालय का भी अवलोकन किया। सचिव डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी अभियान की शुरुआत दांडी मार्च से हुई थी और यह आजादी का अमृत महोत्सव भी इसी प्रकार का एक प्रकल्प है। इस प्रकार के विकल्पों से हम अपने देश की आजादी को प्राप्त कर सकते हैं बनाए रख सकते हैं और सभी विद्यार्थी अपने स्वावलंबन और स्वाभिमान को अपने ध्यान में रखकर कार्य कर सकते हैं। उक्त जानकारी डॉ. सोनाली नारगुंदे, विभागाध्यक्ष, एसजेएमसी ने दी।




# साइकिल रैली से कस्तूरबा ग्राम पहुंचे विद्यार्थी, गांधी म्यूजियम को निहारा

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अमृत महोत्सव के अंतर्गत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में तक्षशिला परिसर स्थित विभागों के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली में हिस्सा लिया, जो कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीट्यूट तक निकाली गई। यहां विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के रक्त के अंश, उनकी चिता की राख, उनकी चप्पलों सहित अन्य संग्रहित वस्तुओं को निहारा।

विश्वविद्यालय के 20 विभागों के 150 विद्यार्थी सुबह 7.30 बजे पहुंचे। रैली को रेक्टर डा. अशोक शर्मा और प्रभारी रजिस्ट्रार अनिल शर्मा ने झंडी दिखाई। कस्तूरबा ग्राम पहुंचते ही गांधी के समर्थकों ने विद्यार्थियों को भारत की आजादी से जुड़े आंदोलन और इतिहास के बारे में बताया। फिर म्यूजियम में गांधी के हाथ से बुनी शाल, उनका काता भी देखा। सुबह 9 बजे रैली वापस तक्षशिला परिसर आई। अधिकारियों के मुताबिक, अमृत महोत्सव के तहत विश्वविद्यालय कई आयोजन करवा रहा है। इसमें विद्यार्थियों को आजादी में अहम योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी से रूबरू करवाया जाएगा।

# केवीपीवाय का रिजल्ट घोषित, इंदौर से तैयारी करने वाले अथर्व को 43वीं रैंक

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाय) परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएस) बेंगलुरु ने घोषित किया है, जिसमें अथर्व निलेश महाजन (भुसावल) को 43वीं रैंक हासिल हुई है। ध्वनि बांठिया को गर्ल्स में 192वीं रैंक मिली है।

... से परीक्षा की तैयारी की है। अथर्व ने बताया मुझे फिजिक्स विषय काफी पसंद है। उसमें रिसर्च के बारे में सोच रहा हूं। इसके लिए आइआइएस में दाखिले के लिए तैयारी कर रहा हूं। पिछले साल एक कोचिंग क्लास में दाखिला लिया था, लेकिन लाकडाउन लगने से मैं भुसावल अपने घर आ गया। मगर आनलाइन क्लासेस से टीचर्स का लगातार मार्गदर्शन मिलता रहा।

स्वदेश

अहिल्यानगरी

इंदौर, बुधवार 17 मार्च, 2021

**शेष-विशेष**

## दो आरोपी जिलाबदर

इंदौर ● इंदौर जिले में शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधिक गतिविधियों में संलग्न आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मनीष सिंह द्वारा जिले के दो आरोपियों को जिलाबदर किया गया है। इनके विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी अवैध वसूली, अवैध शराब बेचना, चाकूबाजी, गुंडागर्दी आदि अपराध पंजीबद्ध है। जिन आरोपियों को जिलाबदर किया गया है उनमें अनवर उर्फ अन्नू पिता अबरार मेवाटी थाना मल्हारगंज एवं रईस उर्फ बांका पिता मो. शकुर थाना चंदन नगर शामिल है। उक्त दोनों आरोपियों को आदेश प्राप्ति से 24 घंटे के भीतर आगामी तीन माह की कालावधि के लिए इंदौर जिले एवं उससे लगे हुए अन्य सीमावर्ती जिले उज्जैन, देवास, धार, खरगोन एवं खंडवा जिलों की राजस्व सीमा से जिलाबदर किया गया है।

## दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 27 तक अवसर

इंदौर ● उच्च शिक्षा विभाग ने

# हमें आजादी की रक्षा करना चाहिए

## 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने साइकिल रैली निकाली, कस्तूरबा ग्राम पहुंकर निहारा गांधी संग्रहालय

इंदौर ● स्वदेश समाचार

आत्मनिर्भरता और स्वदेशी अभियान की शुरुआत दांडी मार्च से हुई थी और आजादी का अमृत महोत्सव भी इसी प्रकार का एक प्रकल्प है। आजादी का अमृत महोत्सव आने वाली पीढ़ी को इस बात की जानकारी देता है कि देश को आजादी किस कीमत पर मिली है। हमें इस आजादी की रक्षा करना चाहिए। इसे संरक्षित रखने का दायित्व हमारा है।

देअविवि द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम' के अंतर्गत मंगलवार को साइकिल रैली के आयोजन के दौरान यह बात देअविवि के कुलाधिसचिव डॉ. अशोक कुमार शर्मा भी प्रतिभागियों को कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीट्यूट में संबोधित करते हुए कही। विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भी इस आयोजन में भाग लिया तो शहर के नागरिक भी सम्मिलित हुए। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों की यह रैली पूरे उत्साह के साथ विवि के तक्षशिला परिसर से शुरू होकर उक्त इंस्टीट्यूट पहुंची तथा वहां से वापस तक्षशिला परिसर में इसका समापन हुआ।

कस्तूरबा ग्राम में रैली को श्री जरिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. निर्मला सिंह ने भी विभिन्न जानकारियों और एक प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को जानकारी दी। पत्रकारिता अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे ने भी उपस्थिति देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। यहां के संग्रहालय का भी विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। साइकिल रैली के विद्यार्थियों को कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने संबोधित किया। रैली समन्वयक की जिम्मेदारी डॉ. गजानन इंगला ने निभाई और रासेयो के संबंध में जानकारी दी।



## अमृत महोत्सव के लिए निकाली साइकिल रैली

*केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजित करने के क्रम में मंगलवार को मोतीतबेला स्थित अग्रणी माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा भी साइकिल रैली आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोहरदास सोमानी एवं प्रो. बेला सचदेव ने छात्राओं को गांधीजी द्वारा आयोजित दांडी मार्च के संबंध में जानकारी देते हुए रैली शुरू कराई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. तृप्ति जोशी ने रैली को रवाना किया। यह लालबाग से शुरू होकर राजबाड़ा पहुंची, जहां छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण नारे लगाए एवं वंदे मातरम् का उद्‌घोष किया। रैली में एनसीसी सहित रासेयो के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सुमित्रा वास्केल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रेरित किया।*

इंदौर, बुधवार
17 मार्च 2021 | 2 | प्रभातकिरण | महानगर

# महात्मा गांधी की राख, चप्पल और रक्त देखा...!

**इंदौर, नप्र।** अमृत महोत्सव के तहत देवी अहल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में तक्षशिला परिसर के विभागों के विद्यार्थियों ने साइकल रैली में हिस्सा लिया, जो कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीटयूट तक निकाली। यहां विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के रक्त के अंश, उनकी चिता की राख, महात्मा गांधी की चप्पलों सहित संग्रहित अन्य वस्तुओं को म्यूजियम में निहारा। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की तस्वीरें भी देखीं।

विश्वविद्यालय के बीस विभागों के 150 विद्यार्थी सुबह 7 बज कर 30 मिनट पहुंचे। रैली को रेक्टर डा. अशोक शर्मा और प्रभारी रजिस्ट्रार अनिल शर्मा ने झंडी दिखाई। कस्तूरबा ग्राम पहुंचते ही गांधी समर्थकों ने विद्यार्थियों को भारत की आजादी से जुड़े आंदोलन और इतिहास के बारे में बताया। फिर म्यूजियम में गांधीजी के हाथ से बुनी शाल, उनका काता भी देखा। एक




कस्तूरबा ग्राम में म्यूजियम निहारा

तस्वीर में गांधीजी इंदौर के शारदा राजे होलकर छात्रावास में बा के साथ खड़े नजर आए हैं। इसके अलावा सरदार पटेल, पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ भी उनकी कई तस्वीरें हैं। संस्थान में गांधीजी द्वारा लिखी किताबें भी रखी हैं। सुबह नौ बजे रैली वापस तक्षशिला परिसर आई।

अधिकारियों के मुताबिक अमृत महोत्सव के तहत विश्वविद्यालय कई आयोजन करवाने जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को आजादी में अहम योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी से रूबरू करवाया जाएगा। पत्रकारिता व जनसंचार की विभागाध्यक्ष डा. सोनाली नरगुंदे ने बताया कि रैली के जरिये विद्यार्थियों को गांधीजी से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी देना थी। वे बताती है कि अमृत महोत्सव के तहत व्याख्यान, प्रदर्शनी, जन आंदोलन के बारे में बताया जाएगा।



# विद्यार्थियों ने देखी गांधी की दुर्लभ तस्वीरें

## रैली निकालकर पहुंचे कस्तूरबा ग्राम

इंदौर. अमृत महोत्सव के अंतर्गत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में तक्षशिला परिसर स्थित विभागों के विद्यार्थियों ने साइकल रैली में हिस्सा लिया. जो कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीटयूट तक निकाली गई. यहां विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के रक्त के अंश, उनकी चिता की राख, महात्मा गांधी द्वारा इस्तेमाल चप्पलों सहित संग्रहित अन्य वस्तुओं को म्यूजियम में निहारा। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की दुलर्भ तस्वीरें भी देखीं. विश्वविद्यालय के बीस विभागों के 150 विद्यार्थी सुबह पहुंचे. रैली को रेक्टर डा. अशोक शर्मा और प्रभारी रजिस्ट्रार अनिल शर्मा ने झंडी दिखाई। कस्तूरबा ग्राम पहुंचते ही गांधी समर्थकों ने विद्यार्थियों को भारत की आजादी से जुड़े आंदोलन और इतिहास के बारे में बताया. फिर म्यूजियम में गांधीजी के हाथ से बुनी शाल, उनका काता भी देखा. सुबह नौ बजे रैली वापस तक्षशिला परिसर आई. अधिकारियों के मुताबिक अमृत महोत्सव के तहत विश्वविद्यालय कई आयोजन करवाने जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को आजादी में अहम योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी से रूबरू करवाया जाएगा. पत्रकारिता व जनसंचार की विभागाध्यक्ष डा. सोनाली नरगुंदे ने बताया कि रैली के जरिये विद्यार्थियों को गांधीजी से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी देना थी. वे बताती है कि अमृत महोत्सव के तहत व्याख्यान, प्रदर्शनी, जन आंदोलन के बारे में बताया जाएगा।

ट्रेन
093
093
न

ोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. . फिरोज


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


School Of Commerce
Bank
UGC- DAE CSR
University Auditorium
Evaluation Center
J.N. Boys Hostel
School Of Yoga
School Of Physical Education
I.I.P.S.
School Of Energy & Env. Studies
School Of Electronics
STAY AT HOME
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


NATIONAL SERVICE SCHEME
HEARTLY WELCOMES YOU ALL
राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
साईकिल रैली
16 मार्च 2021
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
राष्ट्रीय सेवा योजना
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
राष्ट्रीय सेवा योजना
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
आजादी अमृत महोत्सव
64MP AI QUAD CAMERA
Shot by Avinash

